Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding opening of one more Kendriya Vidyalaya and second shift in existing Kendriya Vidyalaya in Barabanki Parliamentary Constituency.

श्री उपेन्द्र सिंह रावत (बाराबंकी): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं अपने संसदीय क्षेत्र बाराबंकी, उत्तर प्रदेश में केंद्रीय विद्यालय की कुछ समस्याओं से आपको अवगत कराना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र बाराबंकी में एक ही केंद्रीय विद्यालय है। इस विद्यालय में केवल एक ही शिफ्ट का संचालन होता है। इस कारण जनपद बाराबंकी में रहने वाले सभी वर्ग के छात्रों का वर्ष-प्रतिवर्ष एडमिशन के लिए दबाव बना रहता है। जो लोग ऑनलाइन आवेदन करते हैं, उनका भी एडमिशन नहीं हो पाता है। मेरी सिफारिश पर भी जब एडमिशन नहीं हो पाते हैं, तो मुझे बहुत निराशा होती है।

ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का रूझान देखकर मुझे बहुत प्रसन्नता होती है। उनके एडमिशन पर्याप्त मात्रा में न हो पाने की वजह से मैं एक सिफारिश आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी के समक्ष रखता हूं। मेरे बाराबंकी जनपद में एक अतिरिक्त केंद्रीय विद्यालय की स्थापना माननीय मंत्री जी कराने का कष्ट करें अथवा जब तक दूसरे केंद्रीय विद्यालय की स्थापना न हो सके, तो उसका एक और विकल्प भी है।

जो केन्द्रीय विद्यालय पहले से संचालित हैं, उसमें दूसरी पाली का संचालन शुरू करा दें तो हमारे जनपद के बहुत सारे गरीब बच्चों को उसमें पढ़ने का मौका मिलेगा। उनका भविष्य सुधरेगा, उनका भविष्य संवरेगा, यही मेरी आपसे प्रार्थना है। माननीय मंत्री जी ऐसा कुछ निर्देश देने का कष्ट करें। धन्यवाद।